## एक नजर में

### मनासा विधायक मारू ने पशुपालन कार्य का जायजा लिया



**नीमच।** दुग्ध समृद्धि सम्पर्क अभियान के तहत गत दिवस विधायक मनासा श्री अनिरूद्ध मारू ने कुकडेश्वर के पशुपालक राजू उपलावदीया की पशुशाला मे भेंटकर, पशुपालक द्वारा पशुपालन से लाभ अर्जित करने के संबंध में विस्तार से चर्चा की। चर्चा के दौरान पशुपालक राजू उपलावदीया ने घर पर गेहूं, चना, अलसीखली से बनाए जा रहे पशुआहार तथा शतावरी, अजवाईन, अश्वगंधा से दुग्धवर्धक औषधी, पशु आहार में मिलाकर खिलाने की विधि के बारे में बताया। उन्होने वर्ष 2015 से 04 भैंस व 01 गाय से पशुपालन कार्य प्रारम्भ किया तथा वर्ष 2017 में आचार्य विद्या सागर के तहत 7 गायों का ऋण लिया और वर्ष 2019 में पशुपालन को बढ़ाया। आज 30 गायें एवं एक भैंस है तथा 110 लीटर दूध प्रतिदिन उत्पादित हो रहा है, जो 35 से 40 रूपये लीटर के भाव से बचे रहे हैं। पशुपालक श्री राजू उपलावदीया की सफलता से प्रेरित होकर विधायक श्री मारू द्वारा 20 गीर गायों से स्वयं का डेयरी फार्म प्रारम्भ करने की बात कही और उपसंचालक से कहा, कि मुझे 50 गौवंश हेतु प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर उपलब्ध करवाए।

### रावणरूण्डी आयुष शिविर में 133 रोगी लाभांवित



**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय नीमच सिटी द्वारा रावणरुंडी में शुक्रवार को निःशुल्क आयुर्वेद एवं होमियोपैथिक चिकित्सा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, चर्म रोग उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिशय, रक्त अल्पता, रक्तचाप, अर्श गैस अम्लपित साइटीका, ह्रदय रोग प्रमेह, आदि बिमारियों की जांच कर, निःशुल्क औषधियां वितरित की गई। शिविर में 133 रोगियों ने स्वास्थ्य का लाभ लिया। आयुष चिकित्सक डॉ.विवेक शर्मा, डॉ.दीपिका पाटीदार, डॉ.हर्षवर्धन शर्मा एवं आयुष स्टाफ ने शिविर में अपनी सेवाएं दी।

### हाडी पिपलिया में आयुष चिकित्सा शिविर



**नीमच।** शासकीय आयुर्वेद औषधालय मनासा द्वारा पोषण माह के तहत शुक्रवार को निःशुल्क आयुर्वेद चिकित्सा शिविर हाड़ी पिपलिया में आयोजित किया गया। शिविर में आमवात, संधिवात, उदर रोग, विबंध, श्वास, कास, प्रतिशाय, रक्त अल्पता, मधुमेह आदि बीमारियों की जांच कर, निःशुल्क औषधियां वितरित की एवं बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर, स्वास्थ्य शिक्षा एवं पोषण के बारे में जानकारी दी। शिविर में कुल 41 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। आयुष चिकित्सक डॉ.मदनलाल पाटीदार ने सेवाएं दी।

### आर्य समाज में 12 अक्टूबर को विशेष प्रवचन

**मन्दसौर।** आर्य समाज मंदसौर में दिनांक 12 अक्टूबर 2025, रविवार को विशेष प्रवचन एवं भजनों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भोपाल से श्री अशोक आर्य एवं श्री सुनील शास्त्री द्वारा प्रवचन एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आर्य समाज अध्यक्ष मधुसूदन आर्य ने बताया कि जिला चिकित्सालय के सामने स्थित आर्य समाज सभागार में 12 अक्टूबर, रविवार को प्रातः 9 से 10 बजे तक हवन का आयोजन होगा उसके पश्चात् भोपाल से पधारे श्री अशोक आर्य एवं श्री सुनील शास्त्री द्वारा प्रवचन एवं भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। आर्य समाज अध्यक्ष मधुसूदन आर्य एवं बंशीलाल आर्य बरखेड़ा पंथ ने सभी आर्यसमाजी से सपरिवार इस आध्यात्मिक आयोजन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का निवेदन किया है।

### देशभक्ति पर रंगोली प्रतियोगिता



**मन्दसौर।** सरस्वती शिक्षा महाविद्यालय, संजीत मार्ग, मंदसौर में ''देशभक्ति'' विषय पर आधारित रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें बी.एड.एवं डी.एल. एड. के छात्राध्यापकों ने भाग लिया। निर्णायक की भूमिका में आवासीय विद्यालय अधीक्षक श्री कमल गोठी एवं सी. बी. एस. ई माध्यमिक विभाग के प्रधानाचार्य श्री प्रवीण मिश्रा उपस्थित रहें। प्रतियोगिता आयोजन के दौरान भारतीय आदर्श शिक्षण समिति के सहसचिव व सरस्वती शैक्षिक विहार के प्रबंधक श्री सुनील शर्मा, महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. योगिता सोमानी समस्त स्टॉफ व छात्राध्यापक उपस्थित रहें।

### कर्ज वसूली पर रोक और रबी ऋण की मांग

**पिपलियामण्डी।** मंदसौर जिले में सोयाबीन फसल की खराब उपज से किसानों की आर्थिक स्थिति बिगड़ने पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्रसिंह गुर्जर ने मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर राहत उपायों की मांग की है। गुर्जर ने पत्र में कहा कि अनियमित वर्षा और सूखे से फसलें बर्बाद हो गई हैं, जिससे किसानों की लागत तक नहीं निकल पाई। उन्होंने कर्ज वसूली पर तत्काल रोक लगाने, आरबीसी 6/4 के तहत राहत पैकेज लागू करने और रबी फसल के लिए शीघ्र ऋण वितरण शुरू करने की मांग की। गुर्जर ने बताया कि खरीफ ऋण की अदायगी की अंतिम तिथि मार्च 2026 है, ऐसे में वसूली का दबाव अनुचित है। उन्होंने कहा कि किसानों पर दबाव डालने से वे रबी फसल की तैयारी नहीं कर पा रहे हैं। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि यदि राहत नहीं दी गई तो किसान और गहरे संकट में फंस जाएंगे तथा आंदोलन किया जाएगा।

# रायपुरिया में फिर बढ़ा मगरमच्छ का आतंक, दो पशुओं पर किया हमला



**गरोठ/रायपुरिया। ग्राम पंचायत रायपुरिया में इन दिनों फिर से मगरमच्छ का आतंक देखने को मिल रहा है। पिछले दो दिनों में मगरमच्छ ने दो पशुओं पर हमला कर एक को मौत के घाट उतार दिया, जबकि दूसरे की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।**

ग्राम पंचायत रायपुरिया के सरपंच पति तूफान केवट ने बताया कि चंबल नदी से एक बड़ा मगरमच्छ पानी के रास्ते पंचायत क्षेत्र में प्रवेश कर चुका है। उसने पहले एक भैंस पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई, वहीं कल रात को एक गाय को भी निशाना बनाया।केवट ने बताया कि इस संबंध में वन विभाग को दो बार सूचना दी गई, लेकिन विभाग की टीम मौके पर देर से पहुंची। वहीं वन विभाग अधिकारी अंकित भदौरिया ने बताया कि सूचना मिलने के बाद टीम घटनास्थल पर पहुंच चुकी है और मगरमच्छ को पकड़ने के लिए पिंजरा लगाया गया है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे नदी किनारे न जाएं और सुरक्षित दूरी बनाए रखें।

वन विभाग का कहना है कि जल्द ही मगरमच्छ को पकड़कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों में घटना के बाद दहशत का माहौल बना हुआ है।



## गांव धुंधड़का में विद्यार्थियों को तम्बाकू से दूर रहने का संकल्प दिलाया

**मन्दसौर।तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान को लेकर मंदसौर जिले के गांव धुंधडका स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मे छात्र-छात्राओं को तंबाकू से होने वाले दुष्परिणामों के विषय में विस्तृत जानकारी दी व छात्र-छात्राओं को किसी भी तरह के नशे से दूर रहने हेतु जागरूक किया गया।**

इस अवसर पर जिला प्रेस क्लब संरक्षक ब्रजेश जोशी ने कहा कि देश में तंबाकू सेवन के कारण हर साल लाखों लोगों को जान गंवानी पड़ती है। सरकार की कोशिश देश के सभी शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त करने की है ताकि युवा तंबाकू सेवन से दूर रह सके। उन्होंने सभी बच्चों को तम्बाकू का सेवन नहीं करने का संकल्प दिलाया।

जिला तम्बाकू नियंत्रण समिति के सदस्य एवं मजदूर कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष करणसिंह परिहार ने कहा कि तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान भारत में शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाने का एक अभियान है, जो छात्रों को तंबाकू के उपयोग के हानिकारक प्रभावों से बचाने के लिए भारत सरकार की स्वास्थ्य और शिक्षा मंत्रालयों द्वारा शुरू किया गया है। इस अभियान के तहत, शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त क्षेत्र के रूप में नामित किया जाता है, जहाँ परिसर के 100 गज के दायरे में तंबाकू उत्पादों की बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई है। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री गोविंद राम सुहैल मजदूर कल्याण समिति प्रदेश उपाध्यक्ष गोवर्धन लाल हाडा, जिला उपाध्यक्ष कमल नयन गुप्ता, प्रदेश मीडिया प्रभारी नवीन कुमार चौहान, सहित टीचर्स छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## दशपुर इनरव्हील क्लब ने 'साड़ी से स्वाभिमान' प्रकल्प एवं गरबा का आयोजन

▶ रैप वॉक पर महिलाओं ने दिखाया आत्मविश्वास



**मंदसौर। इनरव्हील क्लब मंदसौर दशपुर अध्यक्ष नेहा संचेती द्वारा महिलाओं के आत्मविश्वास और स्वाभिमान को समर्पित 'साड़ी से स्वाभिमान' प्रकल्प का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आत्मविश्वास, सौंदर्य और गरिमा का अद्भुत संगम देखने को मिला।**

इस अवसर पर 10 महिलाओं आंचल गौड़, सोनू चौहान, नेहा कुवार, निकी तिवारी, पूर्णिमा, रीता यादव, सोनाक्षी यादव, कविता पाटीदार, रामी माली और आरती राठौड़ ने पूरे आत्मविश्वास और गरिमा के साथ रैंप पर वॉक की। उनकी प्रस्तुति ने सभी दर्शकों को भावुक और प्रेरित किया। यह क्षण महिलाओं के आत्म-सम्मान, साहस और सशक्तिकरण का प्रतीक रहा।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एवं जज मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. शशि गांधी रहीं। उनका माला, शॉल और पगड़ी पहनाकर भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया।

डॉ. गांधी ने विजेताओं को सम्मानित किया जिसमें प्रथम स्थान आंचल गौड़, द्वितीय स्थान नेहा कुवार, तृतीय स्थान कविता पाटीदार को पुरस्कृत किया गया।

सभी प्रतिभागियों को आभार स्वरूप उपहार प्रदान किए गए, जो आरती पारिख द्वारा दिए गए। प्रतिभागियों ने कहा कि इस आयोजन ने उन्हें आत्मविश्वास बढ़ाने, तनावमुक्त होने और सम्मानित महसूस करने का अवसर दिया।

कार्यक्रम का संचालन सोनम मेहता एवं श्रेया जैन ने प्रभावशाली ढंग से किया, जबकि आयोजन की रूपरेखा और व्यवस्था दीप्ति जैन एवं शिल्पा द्वारा की गई। प्रतिभागियों ने पंजाबी, बंगाली, राजस्थानी, गुजराती, वेस्टर्न और इंडियन परिधानों में भाग लेकर 卐अनेकता में एकता卐 का सुंदर संदेश दिया।

कार्यक्रम के पश्चात भव्य गरबा का आयोजन हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और संगीत की लय पर झूमते हुए गरबा का आनंद लिया। अंत में सभी ने स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया और खुशनुमा यादें संजोईं।

क्लब अध्यक्ष नेहा संचेती, सचिव नीता रिछावरा, कोषाध्यक्ष उषा टेकवानी, आईएसओ प्रीति रत्नावत एवं संपादक दीप्ति अग्रवाल ने कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का हार्दिक आभार व्यक्त किया।

## टैगोर मार्ग पर दुकानें लगाने की अनुमति के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

▶ दीपावली से पहले फिर गरमाया दुकानों का मुद्दा- प्रजापति समाज ने दशहरा मैदान में दुकानें लगाने से किया इंकार



**नीमच। दीपावली जैसे-जैसे नज़दीक आ रही है, वैसे ही अस्थायी दुकानदारों मे आक्रोश भी देखा जा रहा है, टेगोर मार्ग पर दुकाने लगाने की मांग लेकर प्रजापति समाज अब मैदान मे उतर आया।**

प्रजापति समाज ने इस वर्ष भी प्रशासन द्वारा दशहरा मैदान में अस्थायी दुकानें लगाने की संभावित योजना का विरोध करते हुए साफ़ शब्दों में कहा है कि वे इस बार वहाँ दुकानें नहीं लगाएंगे। समाज ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर माँग की है कि उन्हें पूर्व की भांति टैगोर मार्ग पर ही दुकानें लगाने की अनुमति दी जाए, ताकि उनकी सालभर की मेहनत बेकार न जाए।

समाजजनों का कहना है कि वे पूरे वर्ष मेहनत करके मिट्टी के दीये, खिलौने व पारंपरिक सजावटी सामग्री तैयार करते हैं, जिनकी बिक्री मुख्यतः दीपावली के अवसर पर होती है। वर्षों से टैगोर मार्ग के फव्वारा चौक से विजय टॉकीज चौराहे तक अस्थायी दुकानें लगती रही हैं, जहां अच्छी खासी ग्राहकी भी मिलती है। लेकिन पिछले वर्ष प्रशासन ने अचानक व्यवस्था बदलते हुए उन्हें दशहरा मैदान भेज दिया, जहां पर्याप्त ग्राहक न पहुँचने के कारण उनकी अधिकांश सामग्री बिक ही नहीं पाई, जिससे को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

प्रजापति समाज के सदस्यों ने यह भी बताया कि पिछले वर्ष प्रशासन द्वारा उन्हें स्पष्ट आश्वासन दिया गया था कि यह व्यवस्था सिर्फ एक वर्ष के लिए अस्थायी रूप से की जा रही है और अगले वर्ष उन्हें पुनः टैगोर मार्ग पर ही दुकानें लगाने दी जाएंगी। लेकिन अब फिर से वही दशहरा मैदान की बात सामने आ रही है, जो समाज के साथ वादा-खिलाफी जैसा है।

समाज ने प्रशासन से अपील की है कि वह इस बार समय रहते निर्णय ले और टैगोर मार्ग पर दुकानें लगाने की अनुमति प्रदान करे, जिससे वे अपनी मेहनत की कमाई से त्योहार मना सकें।

## नीमच जिला अस्पताल के ऑपरेशन थिएटर में निकला चित्ती साँप, किया सुरक्षित रेस्क्यू



**नीमच। जिला अस्पताल, नीमच के गायनिक ऑपरेशन थियेटर में आज उस वक्त हलचल मच गई जब स्टाफ ने एक चित्ती साँप को वहां मौजूद पाया। तत्काल सतर्कता दिखाते हुए अस्पताल प्रबंधन ने साँप को सुरक्षित रेस्क्यू कराने के लिए बघाना के प्रसिद्ध सर्प विशेषज्ञ रज्जाक चाचा को बुलाया।**

रज्जाक चाचा, जो सैकड़ों साँपों को बिना नुकसान पहुँचाए सुरक्षित स्थानों पर छोड़ चुके हैं, ने मौके पर पहुँचते ही अपने अनुभव और धैर्य से चित्ती साँप को सफलतापूर्वक पकड़ा। इसके बाद साँप को जंगल में सुरक्षित रूप से छोड़ दिया गया।

चित्ती साँप भारत के ज़हरीले साँपों में गिना जाता है और अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर उसकी मौजूदगी एक बड़ा खतरा बन सकती थी। समय रहते साँप का रेस्क्यू होना अस्पताल स्टाफ की सतर्कता और रज्जाक चाचा के साहस का परिणाम है।

अस्पताल प्रशासन ने रज्जाक चाचा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके जैसे विशेषज्ञ समाज के लिए एक अनमोल सेवा दे रहे हैं।

**एक नजर** ▶ बोहरा समुदाय के व्यक्ति की जीत, अपर आयुक्त उज्जैन ने बोहरा समुदाय के पक्ष में दिया फैसला

# भूमाफिया प्रबुद्ध उर्फ पाशु भारद्वाज को एक और झटका



**नीमच।** नीमच के कुख्यात भूमाफिया प्रबुद्ध उर्फ पाशु भारद्वाज पिता राकेश भारद्वाज को एक और गहरा झटका लगा है। जिस भूमि में उसकी साझेदारी थी। इस भूमि को लेकर उज्जैन अपर आयुक्त ने बोहरा समाज के शब्बीर हुसैन पिता ताहिर अली सहित अन्य के पक्ष में फैसला दिया है। यह फैसला 8 अक्टूबर 2025 को दिया है। इस फैसले को लेकर बोहरा समाज में हर्ष व्याप्त है। समाज के लोगों ने इसे अधर्म पर धर्म की जीत बताया है।

नीमच जिले के जीरन के सर्वे क्रमांक 613 से 618 में तीन बीघा भूमि को लेकर बीते एक वर्ष से बोहरा समुदाय के व्यक्तियों ने हडपने का प्रयास चल रहा था, उस प्रयास पर अपर आयुक्त के आदेश के बाद पूर्ण विराम लग गया है। जीरन में सर्वे नंबर 613,614,615, 616, 617,618 में करीब 3 बीघा जमीन है, जो ग्वालियर स्टेट के समय से ही ताहिर अली बोहरा को पट्टे पर मिली थी, वर्तमान में उनके परिवार के शब्बीर हुसैन, युसूफ, मुईज, खैरूनबाई, जैहराबाई, खोजेमा, यासमीन, फरिदा, फातेमा का कब्जा है, किन्तु सांठगांठ के चलते राजस्व रिकार्ड में बोहरा समाज के व्यक्तियों के नाम से उक्त भूमि नहीं चढाई गई, इसी का फायदा उठाते हुए शंकरराव पिता सदाशिवराव के पुत्र प्रकाश राव ने हरदेव भाटी, सत्यनाराण पिता नंदकिशोर पाटीदार को दिनांक 21.10.2020 को कथित रूप से बेच दी, फिर हरदेव व सत्यनारायण ने इसे ज्योतिप्रकाश प्रकाश को बेच दी। तहसील जीरन में नामांतरण कर दिया था, फिर एसडीएम न्यायालय ने भी 6 दिसंबर 2021 को नामांतरण आदेश दिया था।

### दो बार भूमाफिया प्रबुद्ध भारद्वाज ने कब्जा करने कोशिश

जीरन में उक्त भूमि पर कथित विक्रय पत्र के आधार पर दो बार कब्जा करने की कोशिश की गई है। करीब 150 साल से बोहरा समाज के व्यक्ति उक्त भूमि पर रह रहे है। भूमि के अधिकांश हिस्सों पर बोहरा समुदाय के लोगों के मकान बने हुए है। कुछ खाली भूमि पर भूमाफिया प्रबुद्ध भारद्वाज ने उसके साथी रघुनंदन जाट, देवकीनंदन जाट सहित अन्य के बदमाशों के सहयोग से भूमि पर कब्जा करने की कोशिश की गई। बोहरा समुदाय ने डटकर मुकाबला किया। इस मामले की जीरन थाना और पुलिस अधीक्षक में भी शिकायत दर्ज करवाई गई। जिसमें स्पष्ट लिखा कि भाजपा नेता राकेश भारद्वाज का पुत्र प्रबुद्ध भारद्वाज द्वारा गुंडागर्दी कर जमीन पर कब्जा करने की कोशिश की गई है।

### ज्योतिप्रकाश का नामांतरण जून 2025 में हुआ निरस्त

विवादित भूमि हरदेव भाटी और सत्यप्रकाश पाटीदार ने दिनांक 25.10.2024 को ज्योतिप्रकाश पिता बाबूलाल टांक निवासी सियाखेडी राजस्थान बेच दी थी। जिसका तहसील कार्यालय जीरन से नामांतरण भी स्वीकृत हो गया। इसी नामांतरण आदेश के खिलाफ ताहिर अली के वारिस शब्बीर हुसैन, मुईज हुसैन सहित नौ लोगों ने एसडीएम न्यायालय में अपील की और दिनांक 16 जून 2025 को एसडीएम न्यायालय ने महत्पूर्ण फैसला दिया। त्योतिप्रकाश के नाम से हुए नामांतरण आदेश को निरस्त कर दिया था।